दिनांकः 12.05.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर से

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के तहत कल मतदान होगा। इस चरण में नौ राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 96 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इसके लिए एक हजार 717 उम्मीदवार मैदान में हैं। मतदान के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं।

....

आम चुनाव के तहत राज्य के 25 लोकसभा क्षेत्रों में 1 लाख 40 हजार से ज्यादा सेवा मतदाताओं को इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट जारी किए गए। इनमें से 1 लाख 32 हजार से अधिक मतदाताओं ने इन्हें डाउनलोड किया और अब तक कुल 60 हजार 353 सेवा मतदाताओं के पोस्टल बैलेट इलेक्ट्रॉनिकली प्राप्त हुए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि झुंझुनूं लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक 12 हजार 770 और सबसे कम 64 इलेक्ट्रॉनिकली पोस्टल बैलेट बांसवाड़ा संसदीय क्षेत्र से प्राप्त हुए हैं। श्री गुप्ता ने बताया कि ईटीबीपी संबंधित रिटर्निंग अधिकारियों को 4 जून को सुबह 8 बजे से पहले मिल जाने चाहिए।

....

राज्य में बीते 24 घंटों के दौरान कई स्थानों पर आंधी बारिश दर्ज की गयी। सबसे ज्यादा 42 मिलीमीटर बरसात राजसमंद के देवगढ़ में हुई। इसके अलावा चित्तौड़गढ़, पाली, नागौर, सीकर, हनुमानगढ़ और जयपुर सहित अन्य स्थानों पर भी बरसात हुई। पाली, राजसमंद और बीकानेर के खाजूवाला में कुछ जगह ओले भी गिरे। भरतपुर में आज कई स्थानों पर धूलभरी आंधी चल रही है और बूंदाबांदी हो रही है। बयाना तहसील में बीती रात आए अंधड़ से करीब 50 बिजली के खंबे गिर गये। इससे विद्युत आपूर्ति प्रभावित हो रही है। जिले के भुसावर में भी तेज आंधी से कई पेड़ उखड़ गये। बारिश से तापमान में गिरावट आई है और लोगों को भीषण गर्मी और लू से राहत मिली है। हालांकि कई स्थानों पर प्रचंड गर्मी का दौर बना रहा। फलौदी, चूरू, जोधपुर, डूंगरपुर और जालौर में पारा 42 डिग्री सेल्सियस के ऊपर दर्ज हुआ।
मौसम केन्द्र जयपुर से मिली जानकारी के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के असर से हो रही आंधी बारिश की गतिविधियां दो दिन तक जारी रहने की संभावना है। इसके असर से आज जयपुर, कोटा, उदयपुर, अजमेर, भरतपुर, जोधपुर और बीकानेर संभाग के कुछ स्थानों में तेज गरज के साथ हल्की बारिश हो सकती है। वहीं कहीं–कहीं 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार से हवाएं चलने और हल्की बरसात की संभावना है।

....

ग्रामीण विकास और पंचायतीराज विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव अभय कुमार ने आगामी मॉनसून में प्रदेश में सघन पौधरोपण की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कल इस बारे में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से बैठक की। इस दौरान उन्होंने जिला परिषदों के मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को अपने–अपने जिलों के वन अधिकारी और अन्य विभागों के साथ समन्वय कर 25 मई तक कार्य योजना तैयार करने की बात कही। उन्होंने विद्यालयों, कार्यालयों, आंगनबाड़ी केंद्रों, सामुदायिक मैदान और सड़क के किनारे खाली जमीन पर पौधरोपण करने के निर्देश दिये। इसके लिए एक जून से 30 जून तक पौधों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाएगी। साथ ही सभी जिलों में एक जुलाई से 15 अगस्त तक पौधारोपण अभियान चलाया जाए।

....

दुनियाभर में सूर्य नगरी और ब्लू सिटी के नाम से मशहूर जोधपुर शहर आज अपना स्थापना दिवस मना रहा है। इस अवसर पर मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट की ओर से मारवाड़ रत्न पुरस्कार समारोह रखा गया है। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय काम करने वाली प्रतिभाओं को सम्मानित किया जाएगा। जोधपुर स्थापना दिवस के मौके पर मेहरानगढ़ और उम्मेद पैलेस सहित अन्य स्मारकों पर आकर्षक रोशनी की गयी है।

....

अंतर्राष्ट्रीय नर्सेज दिवस के अवसर पर आज प्रदेश में कई कार्यक्रम हो रहे हैं। पाली के राजकीय बांगड़ चिकित्सालय में नर्सिंग दिवस समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर नर्सेज ने मोमबत्तियां जलाकर आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक फ्लोरेंस नाइटिंगेल की शपथ ली। इस दौरान उत्कृष्ट कार्य काने वाले एएनएम प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। बीकानेर में राजकीय नर्सिंग स्कूल और ट्रोमा सेंटर सहित अन्य स्थानों पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। नर्सिंग दिवस के मौके पर बारां में थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। अजमेर के जेएलएन मेडिकल कॉलेज में नर्सेज सम्मान समारोह के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रम भी रखे गये हैं।

....

आज दुनियाभर में मदर्स डे मनाया जा रहा है। मातृ दिवस हर साल मई महीने के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। इस दिन माताओं के प्रति प्रेम, सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की जाती है। इस दिन सभी आयु वर्ग के लोग फूल, कार्ड, चॉकलेट और उपहार देकर माताओं को धन्यवाद देते हैं। मातृ दिवस पर विभिन्न संस्थाओं की ओर से माताओं के सम्मान में कई कार्यक्रम हो रहे हैं। इस अवसर पर भरतपुर में माताओं का अभिनंदन किया गया।

....